भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1016**

उत्तर देने की तारीख 10 फरवरी, 2025
21 माघ, 1946 (शक)

**खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत तंजावुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में स्टेडियम**

**1016. श्री मुरसोली एस. :**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत तंजावुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में चयनित स्टेडियमों की सूची का ब्यौरा क्या है;

(ख) अब तक आवंटित और संवितरित की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) निधि के संवितरण और निर्माण कार्य को पूरा करने में विलंब के कारणों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (ग): वित्तीय वर्ष 2017-18 में खेलो इंडिया स्कीम के तहत जिला तंजावुर के जिला खेल परिसर में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछाने की परियोजना को 7.00 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी गई थी और जुलाई 2017 में तमिलनाडु राज्य सरकार को पहली किस्त के रूप में 3.50 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई थी। तथापि, मंजूरी के छह साल बाद और इस मंत्रालय द्वारा विभिन्न अनुवर्ती कार्रवाई के बावजूद भी, परियोजना की धीमी प्रगति के कारण इस परियोजना को मार्च 2024 में बंद कर दिया गया तथा तमिलनाडु राज्य सरकार से अपने स्वयं के संसाधनों का उपयोग करके परियोजना को पूरा करने का अनुरोध किया गया है।

*****